### शहर की नई पहचान बनेगा 10 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला फूड जोन

# फूड जोन के लिए डीपीआर का काम लगभग पूरा

पत्रिका सोशल प्राइड

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** शहर में लोकेंद्र भवन के सामने स्थित स्टेडियम मार्केट की भूमि पर बनने वाले फूड जोन को लेकर डीपीआर पर काम शुरू हो चुका है। अगले कुछ दिनों में ही कंसलटेंट एजेंसी द्वारा डीपीआर तैयार कर नगर निगम को सौंप दी जाएगी जिसके बाद इस पर अंतिम निर्णय लेकर आगे की कार्रवाई कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक के निर्देशानुसार शुरू हो जाएगी। रतलाम में तैयार होने वाला यह फूड पार्क रतलाम की एक नई पहचान बनेगा।

खाने-पीने के शौकीन लोगों की इस नगरी में नगर निगम द्वारा इसके निर्माण में लगभग 10 करोड़ रुपए का खर्च आना बताया जा रहा है। दरअसल यहां बनने वाले फूड जोन को इंदौर की 56 दुकान और दिल्ली के फोटो पार्क की तर्ज पर तैयार किया जाएगा। फूड जोन निर्माण के पहले नगर निगम स्टेडियम मार्केट में पूर्व में बेची गई दुकानों के बारे में भी जानकारी एकत्र कर रही है। खास तौर पर इसमें यह पता लगाया जा रहा है कि जिन लोगों को यह दुकाने दी गई थी, वही लोग यहां काबीज है या कोई और आ गए हैं। यदि अनाधिकृत रूप से यहां लोगों ने कब्जा कर रखा होगा तो उन्हें भी हटा कर पूरे मार्केट को नए सिरे से डेवलप किया जाएगा। इसके लिए हर स्तर पर अधिकारी जानकारी जुटाने के काम में लगे हुए हैं।



### जी प्लस वन तैयार

स्टेडियम मार्केट में बनने वाले फूड जोन को जी प्लस वन की तर्ज पर तैयार किया जाएगा। यहां पर नीचे 56 दुकान की तर्ज पर छोटी दुकाने तैयार कर आवंटित किए जाने की योजना है और प्रथम तल पर ओपन टेरेस के साथ ही फैब्रिकेट से तैयार खाने पीने की बड़ी दुकानें तैयार करने का प्रस्ताव रखा गया है। फिलहाल जगह के हिसाब से कितनी दुकान डीपीआर में सामने आती है यह तो उसके तैयार होने पर ही पता चल सकेगा।

### मनोरंजन के साधन भी रहेंगे

25-9-21

रतलाम के इस फूड पार्क में इंदौर की तर्ज पर खानपान की दुकानें तो होगी ही इसके अतिरिक्त बच्चे और बड़ों के मनोरंजन के साधन दिया उपलब्ध कराए जाएंगे जिससे कि यहां आने वाला हर व्यक्ति अपने हिसाब से मनोरंजन कर सके। दरअसल यहां पर पर्याप्त जगह होने के चलते मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध कराए जाने की योजना तैयार की गई है। इसमें बच्चों के झूले, गेम पार्लर सहित मनोरंजन की अन्य सुविधाएं भी रहेगी।

### दूसरी एजेंसी कर रही तैयार

फूड जोन की डीपीआर के निर्माण को लेकर नगर निगम द्वारा पहले जिस एजेंसी को तय करने के लिए तैयार किया गया था उसके द्वारा राशि अधिक बताए जाने पर उसे निरस्त कर नई कंसलटेंट एजेंसी को यह काम सौंपा गया है जिसके द्वारा डीपीआर निर्माण का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। संभावना जताई जा रही है कि अगले सप्ताह में डीपीआर नगर निगम के पास पहुंच जाएगी जिसके बाद इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### करोड़ों की जमीन पर कब्जा

स्टेडियम मार्केट से लगी करोड़ों रुपए की शासकीय भूमि पर बड़ी संख्या में अवैध कब्जेधारियों के द्वारा कब्जा कर लिया गया था। काम को गति देने के लिए और अपने स्थान को सुरक्षित करने के लिए नगर निगम के द्वारा पुलिस और प्रशासन की मदद से 15 से अधिक पक्का कब्जा करने वालों को हटाने के साथ ही यहां दुकानों के आगे अतिक्रमण करने वालों के भी निर्माण तोड़े गए है। शहर के मध्य स्थित बेशकीमती इस भूमि पर अब नए सिरे से फूड जोन की तैयारी जोर शोर से चल रही है।

फूड जोन को लेकर तैयारियां तेज गति से चल रही है। डीपीआर अगले सप्ताह तक बनकर आ जाएगी जिसके बाद उसे देख अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

पत्रिका
25/9/21

# सभी प्रकार के माफियाओं पर होगी ठोस कार्रवाई

रतलाम। जिले में माफिया के विरुद्ध अभियान चलाने के संबंध में न्यू कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी श्री गौरव तिवारी, एडीएम एमएल आर्य, जिले के समस्त एसडीएम, पुलिस विभाग के अधिकारी, आबकारी विभाग के अधिकारी, खाद्य व औषधि प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। 25-9-21

बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि आगामी एक सप्ताह की अवधि में जिले में माफिया के विरुद्ध ठोस कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने इस संबंध में भू-माफिया, रेत माफिया, खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाले माफिया, अवैध रेत खनन करने वाले माफिया, अतिआवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी करने वाले माफिया, सटोरियों, अवैध शराब का व्यवसाय करने वाले माफिया, नकली दवाइयां बेचने वाले माफिया तथा अधिक ब्याज पर राशि देने वाले, चिटफंड कंपनी के विरुद्ध ठोस कार्रवाई कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि शहर में शासकीय भूमि को अतिक्रमण से पूरी तरह मुक्त किया जाए। नशीली दवाइयां बेचने वाले लोगों की सूचना प्राप्त कर धरपकड़ करते हुए कार्रवाई की जाए।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि कुछ ठेकेदारों द्वारा आदिवासियों की जमीन स्थानीय मजदूरों के नाम से क्रय करके उसका उपयोग ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जनजातिय हितों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि खाद्य पदार्थों में मिलावट संबंधी सैंपल की रिपोर्ट अधिकतम तीन दिन की अवधि में प्राप्त की जाए। इस संबंध में आमजन यदि शिकायत करना चाहे अथवा माफिया संबंधी सूचना देना चाहे तो कलेक्टर कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 07412 270401 पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति की जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। नई दुनिया

## कुपोषण के खिलाफ समर्पित भाव से कार्य करें

रतलाम। खाद्य व नागरिक आपूर्ति विभाग, जिला पंचायत, महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ मप्र राज्य खाद्य आयोग के सदस्य किशोर खंडेलवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक हुई। बैठक के दौरान खंडेलवाल ने गत बैठक के निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि शासकीय उचित मूल्य की सभी दुकानों पर पारदर्शिता को सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड डिस्प्ले किए जाए। स्टाक के अनुरूप सभी पात्र हितग्राहियों को राशन का वितरण किया जाए।

उन्होंने कहा कि जिले में संचालित समस्त निगरानी समितियों के सदस्यों का प्रशिक्षण अंतरविभागीय समन्वय के माध्यम से पूर्ण किया जाए। आर्थिक रूप से अतिसक्षम व बीपीएल सूची में सम्मिलित अपात्र लोगों के नाम सूची से विलोपित किए जाए तथा वास्तविक आधार पर अतिगरीब वर्ग को हितलाभ प्रदान किया जाए। खाद्यान्न प्राप्त नहीं होने संबंधी शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जाए। खंडेलवाल ने कुपोषित बच्चों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए कुपोषण के प्रारंभिक लक्षण मिलते ही उचित पोषण सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए।

नईदुनिया
25/9/21

कलेक्टर बोले सभी प्रकार के माफिया पर होगी ठोस कार्रवाई

# माफिया पर कार्रवाई: एक जाजम पर आए अधिकारी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क 25-9-21
patrika.com

रतलाम. जिले में एक बार फिर से पुलिस और प्रशासन द्वारा माफिया के खिलाफ अभियान छेड़ने की तैयारी शुरू हो गई है। इस संबंध में शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के बीच महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित हुई। इस बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी, एडीएम एम.एल. आर्य सहित जिले के समस्त पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि आगामी 1 सप्ताह की अवधि में जिले में माफिया के विरुद्ध ठोस कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने इस संबंध में भू माफिया, रेत माफिया, खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाले माफिया, अवैध रेत खनन करने वाले माफिया, अति आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी करने वाले माफिया, सटोरियों, शराब व्यवसाय माफिया, नकली दवाइयां बेचने वाले माफिया तथा अधिक ब्याज पर राशि देने वाले, चिटफण्ड कम्पनी के विरुद्ध ठोस कार्रवाई कार्यवाही के निर्देश दिए।

## फोन पर दें सूचना

कलेक्टर ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग अंतर्गत कार्रवाई के लिए निर्देशित किया कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारियों का वेतन आहरण कलेक्टर के अनुमोदन के उपरांत किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि खाद्य पदार्थों में मिलावट संबंधी सैंपल की रिपोर्ट अधिकतम तीन दिन की अवधि में प्राप्त की जाए। इस संबंध में आमजन यदि शिकायत करना चाहे या माफिया संबंधी सूचना देना चाहे तो कलेक्टर कार्यालय के दूरभाष पर दी जा सकती है।

पत्रिका
25/9/21

# सभी प्रकार के माफिया के विरुद्ध ठोस कार्रवाई की जाएगी : कलेक्टर

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

जिले में माफिया के विरुद्ध अभियान चलाने के संबंध में न्यू कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एस पी गौरव तिवारी, एडीएम एम.एल. आर्य, जिले के समस्त एस डी एम, पुलिस विभाग के अधिकारी, आबकारी विभाग के अधिकारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान कलेक्टर से कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देशित किया कि आगामी 1 सप्ताह की अवधि में जिले में माफिया के विरुद्ध ठोस कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने इस संबंध में भू माफिया, रेत माफिया, खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाले माफिया, अवैध रेत खनन करने वाले माफिया, अति आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी करने वाले माफिया, सटोरियों, अवैध शराब का व्यवसाय करने वाले माफिया, नकली दवाइयां बेचने वाले माफिया तथा अधिक ब्याज पर राशि देने वाले, चिटफण्ड कम्पनी के विरुद्ध ठोस कार्रवाई कार्यवाही के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि शहर में शासकीय भूमि को अतिक्रमण से पूरी तरह मुक्त किया जाए। नशीली दवाइयां बेचने वाले लोगों की सूचना प्राप्त कर धरपकड़ करते हुए कारवाई की जाए। बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि कुछ ठेकेदारों द्वारा आदिवासियों की जमीन स्थानीय मजदूरों के नाम से क्रय करके उसका उपयोग ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जनजातिय हितों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग अंतर्गत कार्रवाई के लिए निर्देशित किया कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारियों का वेतन आहरण कलेक्टर के अनुमोदन के उपरांत किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि खाद्य पदार्थों में मिलावट संबंधी सैंपल की रिपोर्ट अधिकतम तीन दिन की अवधि में प्राप्त की जाए। इस संबंध में आमजन यदि शिकायत करना चाहे अथवा माफिया संबंधी सूचना देना चाहे, तो कलेक्टर कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 07412 270401 पर दूरभाष के माध्यम से दी जा सकती है। इसके अतिरिक्त व्हाट्सएप नंबर 94245 00402 का उपयोग (केवल व्हाट्सएप मैसेज के माध्यम से) सूचना देकर किया जा सकता है। सूचना देने वाले व्यक्ति की जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। 25-9-21



# कुपोषण के विरुद्ध अभियान हेतु समर्पित भाव से कार्य करें : खण्डेलवाल

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, जिला पंचायत, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ म.प्र. राज्य खाद्य आयोग के सदस्य किशोर खण्डेलवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक के दौरान श्री खण्डेलवाल ने विगत बैठक के निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि शासकीय उचित मूल्य की सभी दुकानों पर पारदर्शिता को सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड डिस्प्ले किए जाएं एवं स्टाक के अनुरूप सभी पात्र हितग्राहियों को राशन का वितरण किया जाए।

उन्होंने कहा कि जिले में संचालित समस्त निगरानी समितियों के सदस्यों का प्रशिक्षण अन्तरविभागीय समन्वय के माध्यम से पूर्ण किया जाए एवं विभागीय अधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए विभागीय योजना और कार्यक्रमों की जानकारी से उन्हें अवगत कराएं। श्री खण्डेलवाल ने लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत हर व्यक्ति को खाद्यान्न की सुरक्षा उपलब्ध कराना मूल दायित्व बताया। उन्होंने कहा कि आर्थिक रुप से अतिसक्षम एवं बीपीएल सूची में सम्मिलित अपात्र लोगों के नाम सूची से विलोपित किए जाएं तथा वास्तविक आधार पर अतिगरीब वर्ग को हितलाभ प्रदान किया जाए। विगत तीन से छह माह से अधिक समय से जो लोग राशन प्राप्त करने नहीं आ रहे हैं, ऐसे लोगों को चिन्हित करके उनको कार्यालय में समय प्रदान करके चर्चा की जाए। खाद्यान्न प्राप्त नहीं होने सम्बन्धी शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जाए।

शिकायतों के निराकरण के लिए जिला एवं ब्लाक स्तर पर बैठक आयोजित की जाए। खाद्य विभाग के अधिकारी राशन की दुकानों के निरीक्षण के समय चेकलिस्ट अनुसार पीओएस मशीन, स्टाक पंजी आदि का भौतिक सत्यापन करें। अनियमितता करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध एसडीएम को प्रतिवेदन देकर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। बिक्री, वितरण, स्टाक, तीन महीने का ट्रांजेक्शन का रिकार्ड, शिकायत पुस्तिका, निरीक्षण पुस्तिका पर विभागीय अधिकारी अपनी टीप अंकित करें तथा सभी पात्र हितग्राहियों को राशन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

श्री खण्डेलवाल ने जिला पंचायत के अधिकारियों से मध्यान्ह भोजन योजना के अन्तर्गत स्कूलों में दिए जाने वाले राशन के बारे में विस्तार से समीक्षा की। किचन शेड की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को श्री खण्डेलवाल ने कुपोषित बच्चों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए कुपोषण के प्रारंभिक लक्षण मिलते ही उचित पोषण सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के अतिगंभीर कुपोषित स्थिति में पहुंचने से पहले ही उनकी पहचान करके परिजनों को पोषण आहार संबंधी परामर्श दिया जाए, क्षेत्र की समस्त गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को गर्भावस्था के समय से ही उचित परामर्श प्रदान किया जाए। उन्होंने कुपोषण को इसके न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए समर्पित भाव से सामूहिक जिम्मेदारी का पालन करने का आव्हान किया।

प्रसारण
25/9/21

# नवरात्र से रफ्तार पकड़ेगा कालिका माता मंदिर प्रोजेक्ट

## गुजरात के अंबाजी की तर्ज पर कालिका धाम में होगा काम



यज्ञदत्त पराले 25-9-21
patrika.com

**रतलाम.** शहर विधायक चेतन्य काश्यप के संकल्प मां कालिका माता मंदिर को गुजरात के अंबाजी की तर्ज पर बनाने की तैयारियों में गति आई है। डिजाइन बनाने का कार्य पूरा हो गया है व अब कसंलटेंट को नियुक्त कर दिया गया है। इंदौर की फर्म के कंसलटेंट अक्टूबर माह में नवरात्रि की शुरुआत में मां के दरबार में आएंगे व पूरी योजना का खाका तैयार करेंगे। बता दे कि इंदौर से निजी फर्म के तकनीकी दक्ष अधिकारी श्याम सुंदर के नेतृत्व में तीन सदस्यों का दल रतलाम आया था। दल ने पूरे क्षेत्र की रोड मैपिंग की थी व अपनी रिपोर्ट को सबमिट कर दिया था। इसके बाद नगर निगम ने इसके लिए कंसलटेंट को नियुक्त किया है। जानकारी के अनुसार इंदौर की एक फर्म को कंसलटेंट नियुक्त किया गया है। इस कंपनी के कर्मचारी अक्टूबर माह में रतलाम आएंगे व क्षेत्र का भ्रमण करेंगे।

### सभी मंदिर को करेंगे शामिल

पत्रिका

प्रोजेक्ट में कालिका माता मंदिर के अतिरिक्त, काल भैरव मंदिर, संतोषी माता मंदिर, भूखी माता मंदिर, गणपति श्री झुलेलाल मंदिर, चंद्रशेखर महादेव मंदिर सहित अन्न क्षेत्र के निर्माण की डिजाइन को नोट करके इनकी नप्ती की गई है, इसके अलावा जहां गरबा होते हैं उस क्षेत्र को भी विकसित किया जाएगा। इसके अलावा जो उद्यान क्षेत्र हैं उसको भी इसमें शामिल करने की योजना पर काम शुरू हो गया है।

> जनजन की आस्था के प्रमुख क्षेत्र श्री मां कालिका माता मंदिर क्षेत्र को गुजरात के अंबा जी के मंदिर की तर्ज पर बनाने के कार्य में गति आई है। कंसलटेंट नियुक्त हो गया है जो जल्दी अपनी रिपोर्ट सर्वे के बाद देगा। इसके बाद तेजी से कार्य को शुरू किया जाएगा।
>
> **- चेतन्य काश्यप,** शहर विधायक

पत्रिका
25/9/21

# डेंगू के 12 नए नए मामले, अब तक आठ की मौत

## लगातार बढ़ रहे मामले, जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज व निजी अस्पतालों में बेड खाली नहीं

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में डेंगू की रफ्तार तेजी से बढ़ रही है और शहर से गांव तक मामले निकल रहे हैं। शुक्रवार को भी एलाइजा जांच रिपोर्ट में 12 नए मरीजों की पुष्टि की गई, वहीं एंटीजन किट जांच में डेंगू पाजिटिव होने पर अब तक जिले के आठ लोगों की मौतें हो चुकी हैं। इनमें शहर की एक महिला और दो युवतियों की मौत एक दिन पहले ही अलग-अलग निजी अस्पतालों में हुई हैं। हालांकि सरकारी आंकड़ों में अब तक एक भी मौत दर्ज नहीं हो पाई, क्योंकि मृतकों की एलाइजा जांच में डेंगू की पुष्टि नहीं हुई है।



दो बत्ती डाट की पुल क्षेत्र में दवा का छिड़काव करते हुए अनिल पारोदिया व छगनलाल हारी। ● नईदुनिया

25-9-21

हालात ऐसे बन गए हैं कि जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज और निजी अस्पतालों में बेड खाली नहीं हैं। यहां से बीमार रेफर होकर इंदौर, बड़ौदा और अहमदाबाद जाकर उपचार ले रहे हैं। शुक्रवार को एलाइजा जांच की 41 रिपोर्ट में 12 नए मरीज मिले हैं। जिले में अब डेंगू पाजिटिव मरीजों की संख्या बढ़कर 376 पहुंच गई है। निजी अस्पतालों में एंटीजन किट जांच में शुक्रवार को भी तीस से अधिक नए मरीज मिले। इसके अलावा मेडिकल कालेज और जिला अस्पताल में भी एंटीजन किट जांच में पाजिटिव आने के बाद मरीज पहुंचे हैं। एलाइजा जांच और एंटीजन किट जांच में डेंगू पाजिटिव आए मरीजों की संख्या मिला दे तो हजार अधिक मामले सामने आ चुके हैं। सरकारी अस्पताल के साथ निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या कम नहीं हो रही है। बीमारों के प्लेटलेट्स तेजी से कम हो रहे हैं। सामाजिक संस्था मानव सेवा समिति के ब्लड बैंक से प्लेटलेट्स के लिए लंबी कतार लग रही है।

शुक्रवार को रात आठ बजे तक अस्सी लोगों को प्लेटलेट्स दिए जा चुके थे और कतार लगी थी। गुरुवार को 109 लोगों को दी गई थी। मानव सेवा समिति के मोहन मुरलीवाला ने बताया कि लगातार प्लेटलेट्स की मांग बढ़ रही है। सुबह से देर रात लोग इसके लिए कतार में खड़े रहते हैं। अभी डेंगू से प्रभावित मरीज ही अधिक आ रहे हैं। शुक्रवार को भी शहर में सर्वे चलता रहा और 496 घरों के सर्वे में 61 में लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया गया। इसके साथ दवा का छिड़काव और फागिंग भी चलती रही और लोगों को जागरूक किया गया।

नईदुनिया 25/9/21

# निर्माणाधीन सिटी फोर लेन का हुआ औचक निरीक्षण

पत्रिका 25-9-21

रतलाम. उज्जैन संभाग के अधीक्षण यंत्री प्रदीप निगम व कार्यपालन यंत्री आरआर जारोलिया ने निर्माणाधीन सिटी फोर लेन का औचक निरीक्षण शुक्रवार शाम को किया। इस दौरान निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया व निगम इंजीनियरों को सड़क का निर्माण बेहतर व जल्दी कराने को कहा। निगम आयुक्त झारिया ने अधीक्षण यंत्री निगम व कार्यपालन यंत्री जारोलिया दो बत्ती से डाट की पुल तक निर्माणाधीन फोर लेन का अवलोकन करवाकर सड़क की लम्बाई, चौड़ाई व ढलान की जानकारी दी। महाराजा सज्जन सिंह की प्रतिमा से कान्वेंट स्कूल तिराहे तक की फोर लेन सड़क के निरीक्षण के दौरान निगम ने यातायात की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान कहा सड़क के डिवाइडरों का इस प्रकार से निर्माण कराया जाये कि चौराहे पर यातायात बाधित ना होकर नागरिकों को सुविधा हो। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जीके जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री राजेश पाटीदार, मनीश तिवारी आदि उपस्थित थे।

पत्रिका

# निर्धारित शुल्क पर ही निजी पैथालॉजी लेबोरेटरी डेंगू की जांच करें-कलेक्टर

स्वदेश 25-9-21

रतलाम ● स्वदेश समाचार

रतलाम जिले के निजी पैथालॉजी लैब संचालकों एवं नर्सिंग होम संचालकों की बैठक में डेंगू के निरंतर बढ़ रहे प्रकरणों को देखते हुए डेंगू की जांच निर्धारित शुल्क पर की जाए।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के इस निर्देश पर निजी पैथालाजी लैब द्वारा डेंगू संबधी प्लेटलेट की जांच हेतु 100 रुपए, प्लेटलेट सहित सीबीसी परीक्षण के लिए 250 रुपए, डेंगू की जांच हेतु 600 रुपए, विडाल जांच हेतु 100 रुपए, बीएमपी अर्थात मलेरिया परीक्षण के लिए 80 रुपए की राशि का चार्ज निजी पैथालॉजी हेतु निर्धारित किया गया है। इससे अधिक राशि लेने वाले लैब संचालकों के विरूद्ध मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने आमजन से आग्रह किया है कि निर्धारित दर से अधिक राशि लेने की दशा में मरीज अथवा उसके परिजन रतलाम जिले में 1075 नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। कलेक्टर ने बैठक के दौरान निजी नर्सिंग होम संचालकों से बेड की उपलब्धता एवं डेंगू मरीजों के सामान्य रूप से भर्ती अवधि के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा मरीजों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाने के निर्देश दिए।

स्वदेश 25/9/21

# स्कूलों में प्रारंभिक पीरियड में डेंगू से बचाव हेतु स्वास्थ्य शिक्षा देना अनिवार्य

रतलाम ● कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के सहायक संचालक स्कूल शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि आगामी 7 दिन तक जिले के सभी सरकारी और प्रायवेट स्कूलों में प्रार्थना सत्र के बाद पहले पीरियड में बच्चों को डेंगू से बचाव हेतु स्कूली शिक्षकों द्वारा स्वास्थ्य शिक्षा दी जाए जिसमें डेंगू से बचाव के तरीकों की जानकारी विस्तार से दी जाए। विद्यार्थी स्वास्थ्य शिक्षा प्राप्त करने के बाद अपने परिवारजनों को डेंगू से बचाव के बारे में जानकारी देंगे। सभी आमजन अपने घरों के आसपास पानी इकट्ठा ना होने दें। गमलों में भरे पानी को खाली करें एवं छत पर पानी बिल्कुल इकट्ठा ना होने दें। डेंगू का मच्छर रुके हुए पानी में पनपता है। घरों के आसपास यदि पुराने टायर आदि हों तो उनको तत्काल हटा देना चाहिए। कोई भी बुखार होने पर अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल में जांच उपचार कराएं। स्वदेश 25-9-21

स्वदेश 25/9/21

शहर विकास के लिए जुटाएंगे 12 करोड़ रुपए

# द्वारका रेसीडेंसी : 15 हजार वर्गफीट भूमि की नीलामी करने बनेगा दल

मनमर्जी का निर्माण

25-7-21

**द्वारका रेसीडेंसी का गड़बड़झाला**

**रतलाम.** द्वारका रेसीडेंसी के सामने की 15 हजार वर्गफीट जिस भूमि को नीलाम करने का निर्णय प्रशासन ने लिया है, दल बनाया जाएगा। दल में विभिन्न विभाग के आला अधिकारी रहेंगे। इसकी नीलामी से कम से कम 12 करोड़ रुपए शहर विकास के लिए जुटाने का लक्ष्य लिया गया है।

बता दे कि द्वारका रेसीडेंसी निर्माण के दौरान 15 हजार वर्गफीट सरकारी भूमि पर अवैध रुप से कब्जा कर सीसी रोड बना दिया। द्वारका रेसीडेंसी बनाने वाले ने इसे जायज ठहराने के लिए बिल्डिंग देखने आने वाले को रास्ता बताया था। बाद में शिकायत हुई व जांच कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने करवाई तो गोलमाल उजागर हुआ। इसके बाद द्वारका रेसीडेंसी निर्माण करने वाला पहले कलेक्टर व इसके बाद मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में गया। यहां पर मनमर्जी का निर्णय नहीं आने के बाद अब द्वारका रेसीडेंसी निर्माण करने वालों की परेशानी बढ़ती जा रही है।

## ऑनलाइन होगी नीलामी

द्वारका रेसीडेंसी के बाहर की 15 हजार वर्गफीट भूमि नीलाम करने जिले के अलग-अलग विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी दल बनेगा। दल इसकी कीमत की जानकारी निकालेंगे व ऑनलाइन नीलामी करवाएंगे। इन रुपए को शहर विकास कार्य में व्यय किया जाएगा। इस कमेटी में स्वयं कलेक्टर के अलावा नजूल अधिकारी, राजस्व विभाग के अधिकारी, नगर निगम आयुक्त, पुलिस विभाग के अधिकारी सहित अन्य विभाग के अधिकारी रहेंगे। इसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई है।

पत्रिका 25-7-21

क और हो रहा सर्वे

# ा इंतजार...सर्वे पूरा फिर भी करना होगा दो माह पीएम आवास के लिए इंतजार

र कर भी दी, लेकिन इसकी अब तक 900 हितग्राहियों को ी जा रही है। इसकी वजह नगर एक सर्वे और कर रहा है, े करीब 200 कच्चे आवास में ालों के नाम पीएम आवास में की कयावद चल रही है। सर्वे द पूरी प्रक्रिया चलेगी व करीब पीएम आवास हितग्राहियों को जाएंगे। पूरी प्रक्रिया होने में दो माह लगेंगे तब तक जिनके स मंजूर हो गए, उनको बे वजह इंतजार करना होगा।

शहर में प्रधानमंत्री योजना अंतर्गत 2.50 लाख रुपए की तीन किश्त दी जाती है। इसमे प्रथम किश्त एक लाख रुपए, दूसरी किश्त किश्त एक लाख रुपए व तीसरी किश्त 50 हजार रुपए की दी जाती है। डोसीगांव व बंजली में मिलाकर सर्वे करने के बाद 900 हितग्राहियों का चयन नगर निगम ने किया था। इनके लिए मुख्यमंत्री चौहान ने आकर इन आवास की शुरुआत कर दी। इसे



बाद भी अब तक हितग्राहियों को न तो आवास के लिए किश्त दी गई नहीं आवास में रहने की मंजूरी। ऐसे मे मानसून में भी हितग्राही परेशान हो रहे है व प्रधानमंत्री आवास योजना के तरणताल स्थित कार्यालय से लेकर नगर निगम में नोडल अधिकारी सुरेशचंद्र व्यास के चक्कर काट रहे है।

## शुरू हो गया दूसरा सर्वे

नगर निगम के पीएम आवास योजना के दल ने दूसरे भाग का सर्वे शुरू कर दिया है। इस सर्वे में शहर के महावीर नगर, बजरंग नगर, दिलीप नगर सहित अन्य क्षेत्र में कच्चे आवास में रहने वाले परिवार को तलाश किया जा रहा है। इनकी सूची बनाई जा रही है। टारगेट 200 आवास का लिया गया है। यह एक माह में पूरी करने के बाद इनको जोड़ा जाएगा व इसके बाद नगर निगम आयुक्त से लेकर अनुविभागीय अधिकारी शहर इसको मंजूरी देंगे। इसके बाद एक साथ 1100 परिवार को आवास देने की प्रक्रिया पूरी होगी।

शहर के स्वच्छता की रेकिंग में देश में नंबर एक पर लाना है। इसके लिए जरूरी है पूरे शहर में बेहतर स्वच्छता हो। यह तब संभव है जब शहर झुग्गी मुक्त हो। ऐसा करके हम प्रदेश में पहला झुग्गी मुक्त शहर बनाएंगे। इसलिए ही पीएम आवास योजना में बचे हुए कच्चे आवास का सर्वे शुरू किया गया है। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

ई- पत्रिका
25/9/21

# माफिया के विरुद्ध ठोस कार्रवाई की जाएगी - कलेक्टर

**रतलाम । जिले में माफिया के विरुद्ध अभियान चलाने के संबंध में न्यू कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, एसपी श्री गौरव तिवारी, एडीएम श्री एम.एल. आर्य, जिले के समस्त एसडीएम, पुलिस विभाग के अधिकारी, आबकारी विभाग के अधिकारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।**

बैठक के दौरान कलेक्टर से कुमार पुरुषोत्तम ने निर्देशित किया कि आगामी 1 सप्ताह की अवधि में जिले में माफिया के विरुद्ध ठोस कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने इस संबंध में भू माफिया, रेत माफिया, खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाले माफिया, अवैध रेत खनन करने वाले माफिया, अति आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी करने वाले माफिया, सटोरियों, अवैध शराब का व्यवसाय करने वाले माफिया, नकली दवाइयां बेचने वाले माफिया तथा अधिक ब्याज पर राशि देने वाले, चिटफण्ड कम्पनी के विरुद्ध ठोस कार्रवाई कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि शहर में शासकीय भूमि को अतिक्रमण से पूरी तरह मुक्त किया जाए। नशीली दवाइयां बेचने वाले लोगों की सूचना प्राप्त कर धरपकड़ करते हुए कारवाई की जाए।




बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि कुछ ठेकेदारों द्वारा आदिवासियों की जमीन स्थानीय मजदूरों के नम से क्रय करके उसका उपयोग ठेकेदरों द्वारा किया जा रहा है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जनजातिय हितों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभग अंतर्गत कार्रवाई के लिए निर्देशित किया कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारियों का वेतन आहरण कलेक्टर के अनुमोदन के उपरांत किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि खाद्य पदार्थों में मिलावट संबंधी सैंपल की रिपोर्ट अधिकतम तीन दिन की अवधि में प्राप्त की जाए। इस संबंध में आमजन यदि शिकायत करना चाहे अथवा माफिया संबंधी सूचना देना चाहे तो कलेक्टर कार्यालय के दूरभाष क्रमांक 07412 270401 पर दूरभाष के माध्यम से दी जा सकती है। इसके अतिरिक्त व्हाट्सएप नंबर 94245 00402 का उपयोग (केवल व्हाट्सएप मैसेज के माध्यम से) सूचना देकर किया जा सकता है। सूचना देने वाले व्यक्ति की जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी ।

तेज एक्सप्रेस
25/9/21

बचे हुए कच्चे आवास का एक और हो रहा सर्वे

# आशियानें का इंतजार...सर्वे पूरा फिर भी करना होगा दो माह पीएम आवास के लिए

पत्रिका बिग इश्यू

आशीष पाठक
patrika.com

25-9-21

रतलाम. शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत बंजली व डोसीगांव में आवास बनकर तीन माह से तैयार है। इनकी शुरुआत मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने रतलाम आकर कर भी दी, लेकिन इसकी चाबी अब तक 900 हितग्राहियों को नहीं दी जा रही है। इसकी वजह नगर निगम एक सर्वे और कर रहा है, जिसमे करीब 200 कच्चे आवास में रहने वालों के नाम पीएम आवास में जोड़ने की कयावद चल रही है। सर्वे के बाद पूरी प्रक्रिया चलेगी व करीब 1100 पीएम आवास हितग्राहियों को दिए जाएंगे। पूरी प्रक्रिया होने में करीब दो माह लगेंगे तब तक जिनके आवास मंजूर हो गए, उनको बे वजह इंतजार करना होगा।

शहर में प्रधानमंत्री योजना अंतर्गत 2.50 लाख रुपए की तीन किश्त दी जाती है। इसमे प्रथम किश्त एक लाख रुपए, दूसरी किश्त किश्त एक लाख रुपए व तीसरी किश्त 50 हजार रुपए की दी जाती है। डोसीगांव व बंजली में मिलाकर सर्वे करने के बाद 900 हितग्राहियों का चयन नगर निगम ने किया था। इनके लिए मुख्यमंत्री चौहान ने आकर इन आवास की शुरुआत कर दी। इसे



बाद भी अब तक हितग्राहियों को न तो आवास के लिए किश्त दी गई नहीं आवास में रहने की मंजूरी। ऐसे मे मानसून में भी हितग्राही परेशान हो रहे है व प्रधानमंत्री आवास योजना के तरणताल स्थित कार्यालय से लेकर नगर निगम में नोडल अधिकारी सुरेशचंद्र व्यास के चक्कर काट रहे है।

## शुरू हो गया दूसरा सर्वे

नगर निगम के पीएम आवास योजना के दल ने दूसरे भाग का सर्वे शुरू कर दिया है। इस सर्वे में शहर के महावीर नगर, बजरंग नगर, दिलीप नगर सहित अन्य क्षेत्र में कच्चे आवास में रहने वाले परिवार को तलाश किया जा रहा है। इनकी सूची बनाई जा रही है। टारगेट 200 आवास का लिया गया है। यह एक माह में पूरी करने के बाद इनको जोड़ा जाएगा व इसके बाद नगर निगम आयुक्त से लेकर अनुविभागीय अधिकारी शहर इसको मंजूरी देंगे। इसके बाद एक साथ 1100 परिवार को आवास देने की प्रक्रिया पूरी होगी।

है। इ
बेहर
है ज
करवे
मुक्त
पीएम
कच्चे
गया
आयु

ई-पत्रिका
25/9/21

स्वदेश

# जनता का अभियान बनाना है कोरोना वैक्सीनेशन महाभियान को-मुख्यमंत्री




## 27 सितम्बर सबके लिए संकल्प का दिन

भोपाल ● 24 सितम्बर ( ब्यूरो ) मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा है कि 27 सितम्बर को चलने वाले वैक्सीनेशन महाभियान को जनता का अभियान बनाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीवन का डोज़ नि:शुल्क उपलब्ध कराया गया है। हमें सभी प्रदेशवासियों के जीवन को सुरक्षित करना है। अत: सभी सामाजिक संगठन, राजनीतिक दल, स्वयंसेवी संस्थाएं और हम स्वयं अपनी व्यक्तिगत पहल से इस महाभियान के अवसर पर वैक्सीनेशन का प्रथम डोज़ शत-प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को लगवाने के लक्ष्य को पूर्ण करें।

मुख्यमंत्री श्री चौहान वैक्सीनेशन महाभियान के संबंध में जिला, विकासखंड, पंचायत और वार्ड स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट समितियों को निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। संवाद में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग तथा खजुराहो सांसद वी.डी. शर्मा उपस्थित थे। सभी मंत्री और सांसद कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़े। मुख्यमंत्री श्री चौहान के संबोधन के पूर्व कोविड-19 वैक्सीनेशन पर प्रस्तुतिकरण दिया गया।

**भारत माँ की जय के घोष के साथ दिलाया संकल्प**-मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि 27 सितम्बर हम सबके लिए संकल्प का दिन है। हमें प्रदेश के सभी पात्र व्यक्तियों को कोरोना वैक्सीनेशन का फर्स्ट डोज़ लगाकर मध्यप्रदेश को सुरक्षित बना देना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भारत माँ की जय के घोष के साथ सभी लोगों को महाभियान में योगदान देने का संकल्प दिलाया। स्वदेश 25-9-21

## तीसरी लहर को किसी भी स्थिति में आने नहीं देंगे

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि 17 सितम्बर से 7 अक्टूबर 2021 तक प्रदेश में जनकल्याण और सुराज पर केंद्रित अभियान संचालित हो रहा है। अभियान में अनेक कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रदेश में 263 नई स्वास्थ्य संस्थाएं आरंभ की जा रही हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार कोरोना की तीसरी लहर का सामना करने के लिए भी आवश्यक है। हम तीसरी लहर को किसी भी स्थिति में आने नहीं देंगे।

## मीडिया का आभार माना

मुख्यमंत्री ने कहा है कि वैक्सीनेशन के लिए स्वास्थ्य विभाग के अमले, शासकीय कर्मचारियों, क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों ने हरसंभव प्रयास किया है। बरसात के मौसम में भी नदी-नाले पार कर वैक्सीनेशन का लक्ष्य अर्जित किया गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने ऐसे सभी भाई-बहनों का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वैक्सीन का पहला डोज लगाने में मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर पहुंच गया है।

## मास्क लगाना और अन्य सावधानियां आवश्यक

मुख्यमंत्री श्री चौहान कहा कि कोरोना ने प्रदेश में भीषणतम परिस्थितियां निर्मित की थी। सबके परस्पर सहयोग और संघर्ष की भावना के कारण हम उन स्थितियों से बाहर आ पाए हैं। वर्तमान में प्रदेश में कोरोना नियंत्रण में है। इंदौर में महू में एक साथ 30 कोरोना के पॉजिटिव केस मिले हैं। परिणामस्वरूप प्रदेश का कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा 36 पर पहुंच गया है। इसका अर्थ यह है कि हमें कोरोना को लेकर सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

स्वदेश
25/9/21

# कोविड वैक्सीनेशन महाभियान का अगला चरण 27 सितंबर को आयोजित होगा

रतलाम । माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने शुक्रवार को राज्य स्तरीय वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित कर प्रदेश के सभी जिलों में कोविड वैक्सीनेशन महाभियान का अगला चरण 27 सितंबर को आयोजित कर शत प्रतिशत लोगों का वैक्सीनेशन कराने के निर्देश दिए।

रतलाम जिले में विधायक जावरा डॉ. राजेन्द्र पाण्डे, विधायक रतलाम ग्रामीण श्री दिलीप मकवाना, कलेक्टर श्री कुमार पुरूषोत्तम, एसपी श्री गौरव तिवारी, एडीएम श्री एम.एल. आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिडे, समाजसेवी एवं क्राईसिस मेनेजमेंट के सदस्य श्री गोविंद काकानी, जिला जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री रत्लेश विजयवर्गीय, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील ने वीडियो कॉन्फ्रेंस में सहभागिता की।

वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आगामी तीन दिन में कोविड वैक्सीनेशन के लिए शेष रहे सभी हितग्राहियों को अनिवार्य रूप से वैक्सीनेशन कराने का आह्वान किया। इस क्रम में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने बैठक में जिले के सभी एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगर पालिका के अधिकारियों को दिनांक 25 व 26 सितम्बर को कोविड टीकाकरण से शेष रहे सभी पात्र हितग्राहियों को टीकाकरण कराने के निर्देश दिए।

तेज प्रदेश
25/9/21

# वैक्सीनेशन महाभियान का अगला चरण 27 को होगा

पत्रिका 25-9-21

रतलाम. जिले में कोविड वैक्सीनेशन महाभियान का अगला चरण 27 सितंबर को आयोजित कर शत प्रतिशत लोगों का वैक्सीनेशन कराने के निर्देश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए। मुख्यमंत्री ने आगामी तीन दिन में कोविड वैक्सीनेशन के लिए शेष रहे सभी हितग्राहियों को अनिवार्य रूप से वैक्सीनेशन कराने का आह्वान किया। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बैठक में जिले के सभी एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगर पालिका के अधिकारियों को 25 व 26 सितम्बर को कोविड टीकाकरण से शेष रहे सभी पात्र हितग्राहियों को टीकाकरण कराने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को डेंगू एवं मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने एवं समय पूर्व बीमारियों की जानकारी देने के निर्देश दिए।

पत्रिका
25/9/21

**कचरा प्रबंधक सीखने आंध्र प्रदेश जाएंगे**

# आंध्र प्रदेश की तकनीक को अपनाएगा रतलाम नगर निगम

रतलाम. घर घर से कचरा संग्रहण के मामले में पूरे प्रदेश में नंबर दो आने के बाद अब शहर को स्वच्छता की रेकिंग में नंबर एक पर लाने के लिए नगर निगम के अधिकारी लग गए हैं। इसके लिए कचरा प्रबंधक सीखने के लिए नगर निगम के अधिकारियों का दल आंध्रप्रदेश जाएगा। इन सब के बीच अक्टूबर माह में स्वच्छ भारत अभियान पार्ट 2 शुरू होगा।

गुरुवार को नगर निगम को कचरा घर घर से लेने में नंबर दो व कचरे से खाद बनाने में नंबर तीन का पुरस्कार मिला है। इस पुरस्कार मिलने के बाद अधिकारी से लेकर कर्मचारी प्रसन्न हैं। लेकिन निगम का स्वास्थ्य विभाग अब इस काम में और तेजी लाना चाहता है। इसके लिए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने योजना बनाई है कि कचरा प्रबंधन में पूरे देश में चर्चित आंध्र प्रदेश जाकर अधिकारी वहां की कार्यप्रणाली को देखेंगे।

## 2 अक्टूबर से इसकी शुरुआत

नगर निगम आगामी 2 अक्टूबर से अमृत व स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत चरण दो की शुरुआत करने जा रही है। इसके लिए जमीनी स्तर पर कठीनाई को दूर करने के लिए निगम के अधिकारी लग गए हैं। इसके लिए नई परियोजना पर तैयारी शुरू हो गई है व एक दो दिन में इसको अंतिम रुप दे दिया जाएगा।

## बेहतर करेंगे

25-9-21

पुरस्कार मिलने के बाद और बेहतर करने की प्रेरणा मिली है। देश के विभिन्न राज्यों ने स्वच्छता में जो बेहतर किया है, उसका अध्ययन किया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। हम तेजी से बेहतर कार्य करेंगे।
**- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका
25/9/2021

## नगर से निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन किया जा रहा है वजन

रतलाम । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देषानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे व सड़को व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया टेऊचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया जा रहा है जिसके तहत 23 सितम्बर गुरुवार को 94 टन कचरा जुलवानिया टेऊचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया गया।

स्वतंत्र मेलाप
25-9-21

स्वतंत्र मेलाप
25/9/21



## च्छता की बुनियाद मध्यप्रदेश में रतलाम हुआ पुरस्कृत

25-9-21

तलाम। प्रशासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा ाला एवं स्वच्छता की बुनियाद अभियान कार्यक्रम में रतलाम नगर को एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) में द्वितीय व कम्पोस्ट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयोजित ्म में नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री भूपेंद्र सिंह व नगरीय ा ने रतलाम नगर निगम को प्रदेश में एमआरएफ (मटीरियल रिकवरी ्टी) क्षेत्र में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र ीय स्थान प्राप्त करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को शील्ड व -पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। स्वच्छता की बुनियाद मध्यप्रदेश में ा नगर निगम को एमआरएफ (मटीरियल रिकवरी फैसिलिटी) क्षेत्र में व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त र नगर के नागरिकों व नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों में ्त है। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, क यंत्री श्याम सोनी आदि भी उपस्थित थे। इन्दौर समाचार 25-9-21

इन्दौर समाचार
25/9/21

# स्वच्छता की बुनियाद मध्यप्रदेश में रतलाम हुआ पुरस्कृत

## रतलाम नगर को एमआरएफ में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट में मिला तीसरा स्थान

### निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पुरस्कार प्राप्त किंया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

प्रशासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा कार्यशाला एवं स्वच्छता की बुनियाद अभियान कार्यक्रम में रतलाम नगर निगम को एमआरएफ मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट गीले कचरे से खाद के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त किया।



आयोजित कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री भूपेंद्र सिंह व नगरीय विकास ने रतलाम नगर निगम को प्रदेश में एम आरएफ मटीरियल रिकवरी फैसिलिटी क्षेत्र में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट गीले कचरे से खाद के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को शील्ड व प्रमाण-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया।

स्वच्छता की बुनियाद मध्यप्रदेश में रतलाम नगर निगम को एमआरएफ मटीरियल रिकवरी फैसिलिटी क्षेत्र में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट गीले कचरे से खाद के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर नगर के नागरिकों व नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी आदि भी उपस्थित थे।

अवन्तिका 25-9-21

अवन्तिका



### स्वच्छता की बुनियाद मध्यप्रदेश में रतलाम हुआ पुरस्कृत

रतलाम । प्रषासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा कार्यषाला एवं स्वच्छता की बुनियाद अभियान कार्यक्रम में रतलाम नगर निगम को एमआरएफ(मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयोजित कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री माननीय श्री भूपेंद्र सिंह जी व नगरीय विकास ने रतलाम नगर निगम को प्रदेष में एमआरएफ(मटीरियल रिकवरी फैसिलिटी) क्षेत्र में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया को षील्ड व प्रमाण-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। 25-9-21

# स्वच्छता की बुनियाद मध्यप्रदेश में रतलाम हुआ पुरस्कृत

सिंघम रिपोर्टर □ इंदौर

- निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पुरस्कार प्राप्त किया
- रतलाम नगर को एमआरएफ में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट में मिला तीसरा स्थान

प्रशासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा कार्यशाला एवं स्वच्छता की बुनियाद अभियान कार्यक्रम में रतलाम नगर निगम को एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

आयोजित कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री भूपेंद्र सिंह जी व नगरीय विकास ने रतलाम नगर निगम को प्रदेश में एमआरएफ (मटीरियल रिकवरी फैसिलिटी) क्षेत्र में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को शील्ड व प्रमाण-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया।




स्वच्छता की बुनियाद मध्यप्रदेश में रतलाम नगर निगम को एमआरएफ (मटीरियल रिकवरी फैसिलिटी) क्षेत्र में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर नगर के नागरिकों व नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है। कार्यपालन यंत्री सुरेशचंन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी आदि भी पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में उपस्थित थे।

सिंघम 25/9/21

---

**राज्य खाद्य आयोग के सदस्य खंडेलवाल ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की**

# कुपोषण के खिलाफ चलाए अभियान, बच्चों पर दे ध्यान

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. म.प्र. राज्य खाद्य आयोग के सदस्य किशोर खण्डेलवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान खण्डेलवाल ने विगत बैठक के निर्देशों के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि शासकीय उचित मूल्य की सभी दुकानों पर पारदर्शिता को सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड डिस्प्ले किए जाएं एवं स्टाक के अनुरूप सभी पात्र हितग्राहियों को राशन का वितरण किया जाए।

उन्होंने कहा कि जिले में संचालित समस्त निगरानी समितियों के सदस्यों का प्रशिक्षण अन्तरविभागीय समन्वय के माध्यम से पूर्ण किया जाए एवं विभागीय अधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए विभागीय योजना और कार्यर में की जानकारी से उन्हें अवगत कराएं। लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत हर व्यक्ति को खाद्यान्न की सुरक्षा उपलब्ध कराना मूल दायित्व बताया। खाद्य विभाग के अधिकारी राशन दुकानों के निरीक्षण चेकलिस्ट अनुसार पीओएस मशीन, स्टाक पंजी आदि का भौतिक सत्यापन करें। अनियमितता करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध एसडीएम को प्रतिवेदन देकर उनके विरुद्ध कार्यवाई की जाए।

उचित परामर्श प्रदानडेलवाल ने जिला पंचायत के अधिकारियों से मध्यान्ह भोजन योजना के अन्तर्गत स्कूलों में दिए जाने वाले राशन के बारे में विस्तार से समीक्षा की। किचन शेड की स्थिति जानी। महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को कुपोषित बच्चों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए कुपोषण के प्रारंभिक लक्षण मिलते ही उचित पोषण सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के अतिगंभीर कुपोषित स्थिति में पहुंचने से पहले ही उनकी पहचान करके परिजनों को पोषण आहार संबंधी परामर्श दिया जाए, क्षेत्र की समस्त गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को गर्भावस्था के समय से ही उचित परामर्श प्रदान किया जाए।

पत्रिका 25-9-21

पत्रिका 25/9/21

## आयुक्त बोले, अभी लक्ष्य नंबर एक पर आना है

# पुरस्कार के बाद आयुक्त का सम्मान

पत्रिका 25-9-21



रतलाम. प्रशासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा कार्यशाला एवं स्वच्छता की बुनियाद अभियान आयोजन में नगर निगम को एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया का निगम अधिकारी एवं कर्मचारी, सफाई कर्मचारी यूनियन तथा नागरिकों द्वारा पुश्पमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाकर सम्मान किया।

झारिया ने कहा कि रतलाम नगर निगम को एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त करने का श्रेय सभी अधिकारी कर्मचारी व नागरिकों को जाता है क्योंकि सभी के सहयोग से यह संभव हो पाया है इसलिये सभी सम्मान के हकदार हैं। उज्जैन संभाग अधीक्षण यंत्री प्रदीप निगम, कार्यपालन यंत्री आरआर जारोलिया, उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जीके जायसवाल सहायक यंत्री श्याम सोनी लेखाधिकारी विजय बालोद्रा स्वास्थ्य अधिकारी एपी, उपयंत्री मनीश तिवारी सहित उपस्थित थे

पत्रिका 25/9/21

# स्वच्छता की बुनियाद में पुरस्कार मिलने पर कमिश्नर का सम्मान



रतलाम | स्वच्छता प्रेरणा कार्यशाला और स्वच्छता की बुनियाद अभियान कार्यक्रम में नगर निगम को पुरस्कार मिलने पर शुक्रवार को निगम अधिकारी व कर्मचारी तथा सफाई कर्मचारी यूनियन ने कमिश्नर सोमनाथ झारिया का सम्मान किया। बता दें कि अभियान के तहत निगम को एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) में द्वितीय और कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के लिए तृतीय पुरस्कार मिला है। इस अवसर पर कमिश्नर झारिया ने इसे निगम की पूरी टीम की मेहनत की सम्मान बताया। उज्जैन संभाग अधीक्षण यंत्री प्रदीप निगम, कार्यपालन यंत्री आरआर जारोलिया, विकास सोलंकी, ज्योति सुनारिया, सुरेशचंद्र व्यास, जीके जायसवाल, श्याम सोनी, विजय बालोद्रा, एपी सिंह आदि उपस्थित रहे।

# फोरलेन के डिवाइडर से यातायात नहीं रुके

रतलाम | दो बत्ती चौराहा से कॉन्वेंट स्कूल और डाट की पुल वाले फोरलेन और टू लेन का शुक्रवार को उज्जैन संभाग के अधीक्षण यंत्री प्रदीप निगम व कार्यपालन यंत्री आरआर जारोलिया ने निरीक्षण किया। इस दौरान महाराजा सज्जन सिंह चौराहा पर डिवाइडर के लिए छोड़ी गई जगह देखकर बोले इसे ऐसे बनाना जिससे यातायात बाधित नहीं होना चाहिए।

आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निरीक्षण के दौरान सड़क की लंबाई, चौड़ाई और ढलान की जानकारी दी। साथ ही बताया कि बारिश के पानी की निकासी के लिए ड्रेनेज और चेंबर बनाए गए हैं। इससे पानी सड़क पर नहीं भराएगा। कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, जीके जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी आदि साथ रहे। भास्कर 25-9

दै. भास्कर 25/9/21

# एक सप्ताह के भीतर मिल गया अतिवर्षा से प्रभावित लोगों को सरकारी मुआवजा,26 लाख रु.से ज्यादा पंहुचे बैंक खातों में

इन्दौर समाचार 25-9-21

रतलाम। विगत 19 सितम्बर को शहर में हुई भारी वर्षा से प्रभावित हुए लोगों को एक सप्ताह से भी कम समय में राहत राशि का भुगतान कर दिया गया है। मुआवजे के रुप में प्रशासन ने 468 लोगों को 26 लाख 91 हजार रु.से अधिक की राहत राशि प्रभावित लोगों के बैंक खातों में पंहुचा दी है। इनमें से एक महिला को 85 हजार रु. का भुगतान किया गया है। उक्त महिला का घर इस बारिश के चलते ढह गया था।

उल्लेखनीय है कि पिछली 19 सितम्बर रविवार को शहर में जबर्दस्त बारिश हुई थी और शहर की अनेक निचली बस्तियों में पानी भर गया था। कई लोगों के घर इस बारिश से क्षतिग्रस्त हो गए थे और कई लोगों के घरों में रखा कीमती सामान बारिश से बरबाद हो गया था। बारिश थमने के फौरन बाद कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने वर्षा से प्रभावित लोगों को सर्वे करने और उन्हे जल्दी से जल्दी राहत राशि देने के आदेश दिए थे। प्रशासन ने उसी दिन सर्वे के लिए पांच टीमें बनाकर सर्वे कार्य प्रारंभ कर दिया था। तहसीलदार गोपाल सोनी ने बताया कि सर्वे के दौरान वर्षा से सर्वाधिक प्रभावित हुए भोई मोहल्ला, चिंगीपुरा, हरिजन बस्ती, उंकाला रोड, विरियाखेडी, लक्ष्मण पुरा, बाई जी का वास इत्यादि क्षेत्रों में सर्वे का कार्य पूरा हो गया है। सर्वे के दौरान कुल 468 लोगों के अतिवर्षा से प्रभावित होने की जानकारी सामने आई है। इन 468 प्रभावित लोगों को कुल 26 लाख 91 हजार छः सौ रुपए की राहत राशि का भुगतान कर दी गई है। राहत राशि, सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में पंहुचा दी गई है। श्री सोनी ने बताया कि तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी सर्वे का काम जारी है। लेकिन प्रभावितों के बडे हिस्से का सर्वे हो चुका है और उन्हे भुगतान भी कर दिया गया है। इसके बाद भी वर्षा से पीडीत कुछ लोग बच गए है। ऐसे व्यक्तियों के आवेदन आने पर प्रकरण की जांच के बाद उन्हे भी राहत राशि प्रदान की जा रही है।श्री सोनी ने बताया कि नर्मदाबाई नामक वर्षा पीडीत को सर्वाधिक राहत राशि प्रदान की गई है। इन्हे 85 हजार रु. प्रदान किए गए है। नर्मदाबाई का पूरा मकान ही इस अतिवर्षा में नष्ट हो गया था। श्री सोनी के अनुसार,प्रत्येक प्रभावित को न्यूनतम पांच हजार रु. की राहत राशि दी गई है। जिनका नुकसान अधिक हुआ है,उन्हे नुकसान का आकलन करके अधिक राशि भी दी गई है।

इन्दौर समाचार 25/9/21

# प्रदेश की रैंकिंग से होगा निकायों के कार्यों का मूल्यांकन

राज एक्सप्रेस 25-9-21

**नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने स्वच्छता प्रेरणा कार्यशाला को किया संबोधित**

भोपाल, (प्रसं)। प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने निकायों के कामकाज के तरीके पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि निकाय केवल स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए ही नहीं होते। हमें जनता की अपेक्षाओं पर खरा भी उतरना होगा। उन्होंने कहा कि अब हर तीन माह में प्रदेश की रैंकिंग से निकायों के कार्यों का मूल्यांकन होगा। विभाग अब रैंकिंग के आधार पर प्रमोशन भी देगा। मंत्री भूपेंद्र सिंह ने यह बात गुरुवार को स्वच्छता प्रेरणा कार्यशाला एवं स्वच्छता की बुनियाद अभियान में नगरीय निकायों को सम्मानित करते हुए कही।

नगरीय विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि अब नगरीय निकायों के अधिकारियों के कामों पर विभाग की सीधी नजर होगी। बेहतर काम नहीं करने वाले निकायों में बदलाव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को कई विषयों और प्रावधानों की जानकारी तक नहीं होती। यह स्थिति ठीक नहीं है। अफसरों को नसीहत देते हुए कहा कि निकायों के काम को काम की तरह नहीं मानवता के फर्ज की तरह निभाएं। जनता की अपेक्षा हमसे होती है, अपेक्षाओं पर हमें खरा भी उतरना होगा। निकाय केवल स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए नहीं होता।

**नवाचार देखने दूसरे राज्यों में जाएंगे प्रदेश के अफसर:** मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि देश के अन्य राज्यों में नगरीय विकास के क्षेत्र में हो रहे नवाचार और विकास के कार्यों को देखने अधिकारियों की टीम भेजी जाएगी। इस टीम की रिपोर्ट के आधार पर प्रदेश में योजनाओं के क्रियान्वयन पर विचार किया जाएगा। आंध्रप्रदेश में कचरा संग्रहण का कार्य अनुकरणीय है। श्री सिंह ने कहा कि स्वच्छता अभियान को निरंतरता देने के उद्देश्य से हर तीन माह में नगरीय निकायों का मूल्यांकन और उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है।

राज एक्सप्रेस 25/9/21

## 07412-270401 पर दें माफिया व मिलावटियों की जानकारी, होगी कार्रवाई

भास्कर संवाददाता | रतलाम

25-9-21

जिले में आगामी 1 सप्ताह माफियाओं के विरुद्ध ठोस कार्रवाई की जाएगी। फोन - 07412 270401 पर आप भी भू माफिया, रेत माफिया, खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाले माफिया, अवैध रेत खनन करने वाले माफिया, वस्तुओं की कालाबाजारी करने वाले माफिया, सटोरियों, अवैध शराब का व्यवसाय करने वाले माफिया, नकली दवाइयां बेचने वाले माफिया, अधिक ब्याज पर राशि देने वाले, चिटफंड कंपनी, सरकारी जमीन पर कब्जे के विरुद्ध शिकायत कर सकते हैं। आपकी शिकायत को गोपनीय रखा जाएगा। माफिया के विरुद्ध अभियान चलाने को लेकर न्यू कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अधिकारियों की मीटिंग ली। कलेक्टर ने कहा कि 1 सप्ताह की अवधि में माफिया के विरुद्ध ठोस कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को कहा कि शहर में शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त किया जाए। नशीली दवाइयां बेचने वाले लोगों की सूचना मिलते ही कार्रवाई करें। अधिकारियों ने बताया कि कुछ ठेकेदारों द्वारा आदिवासियों की जमीन स्थानीय मजदूरों के नाम से क्रय कर उपयोग ठेकेदारों द्वारा किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा जनजातीय हितों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

# सप्ताहभर में आ रहीं गाड़ियां, घरों में अब सड़ने लगा कचरा

### कचरा गाड़ियां नहीं पहुंचने से लोगों में नाराजी

25-9-21

भास्कर संवाददाता | रतलाम

स्वच्छता की बुनियाद अभियान में नगर निगम को पुरस्कार मिला है लेकिन सफाई के मामले में शहर की स्थिति खराब है। कचरा गाड़ियां समय पर नहीं पहुंच रही है।कई कॉलोनियों की तो यह स्थिति है कि कचरा गाड़ियां एक सप्ताह में एक बार पहुंच रही हैं। नतीजतन लोगों के घरों में रखा-रखा कचरा सड़ रहा है और बदबू मार रहा है। इससे बीमारी फैलने का खतरा है। बाजार के साथ ही दूरस्थ कॉलोनियों की भी यही स्थिति है और लोगों को कचरा गाड़ी के लिए एक-एक सप्ताह का इंतजार करना पड़ रहा है।

सज्जन विहार कॉलोनी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता हितेंद्र उपाध्याय ने बताया रोजाना कचरा गाड़ी आना चाहिए। इससे घर के सामने खुद ही सफाई करना पड़ रही है। आयुक्त भले ही भोपाल में पुरस्कार प्राप्त कर रहे हैं लेकिन हकीकत में तो ना तो सफाई हो रही है और ना ही कचरा गाड़ी आ रही है। हिम्मत नगर निवासी गोपाल के सोनी ने बताया सफाई की तरह की कचरा गाड़ी भी है। कभी सफाई होती है कभी नहीं। उसी तरह कचरा गाड़ी भी कभी आती है कभी नहीं। शहर में स्वच्छता अभियान चल रहा है।

दै. भास्कर 25/9/21

# निर्माणाधीन सिटी फोर लेन का संभाग के अधीक्षण यंत्री ने किया निरीक्षण

रतलाम । उज्जैन संभाग के अधीक्षण यंत्री श्री प्रदीप निगम व कार्यपालन यंत्री श्री आर.आर. जारोलिया ने निर्माणाधीन सिटी फोर लेन का निरीक्षण निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया व निगम इंजीनियरों के साथ कर आवष्यक दिषा-निर्देष दिये।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने अधीक्षण यंत्री श्री निगम व कार्यपालन यंत्री श्री जारोलिया सर्वप्रथम दो बत्ती से डाट की पुल तक निर्माणाधीन फोर लेन का अवलोकन करवाकर सड़क की लम्बाई, चौड़ाई व ढलान की जानकारी से अवगत कराया साथ इस बात की भी जानकारी दी की इस सड़क पर वर्शा के पानी का बहाव अधिक रहता है इस हेतु पानी निकासी के लिये ड्रेनेज व चेम्बर का निर्माण करवाया गया है जिससे वर्शा के पानी की निकासी सुगमता से हो सकें।



महाराजा सज्जन सिंह जी की प्रतिमा से कानवेंट स्कूल तिराहे तक की फोर लेन सड़क के निरीक्षण के दौरान श्री निगम ने यातायात की स्थिति की जानकारी लेकर कहा कि सड़क के डिवाईडरो का इस प्रकार से निर्माण कराया जाये कि चौराहे पर यातायात बाधित ना होकर नागरिकों को सुविधा हो।

इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री श्री सुरेषचन्द्र व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री ष्याम सोनी, उपयंत्री श्री राजेष पाटीदार, श्री मनीश तिवारी आदि उपस्थित थे।

लोक भास्कर 25/9/21

# सीएम ने बुलाई मंत्रियों की आपात बैठक, बोले- कामकाज तेज करो

**दोपहर में दी बैठक की सूचना, रात तक कई मंत्री नहीं पहुंच पाए**

भास्कर न्यूज | भोपाल 25-9-21

भाजपा में दिग्गजों की बैठक के दूसरे दिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रिपरिषद की आपात बैठक बुला ली। इसके लिए तमाम मंत्रियों को दोपहर में सूचना दी गई कि शाम को बैठक है। इसकी वजह से कई मंत्री बैठक में पहुंच ही नहीं पाए।

बैठक में सीएम ने मंत्रियों से कहा वे फील्ड में जाएं। एक्टिव हों। विभाग के कामकाज को तेज करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को लेकर 7 अक्टूबर तक कार्यक्रम हैं। जिस विभाग के पास काम के लोकार्पण, उद्घाटन व शिलान्यास हैं, वो विभाग जल्द आयोजन करें। सुराज अभियान और सेवा-समर्पण में ये सब हो जाएंगे। इसके अलावा वैक्सीनेशन का महाभियान है। दो ही जिलों ने अच्छा काम किया है। बाकी जगह वैक्सीनेशन ठीक तरह से हो जाए, इसके लिए मंत्री प्रभार के जिलों में जाएं। जनसुनवाई शुरू हो गई है। इसकी समीक्षा करते रहें। प्रभार के जिलों में लगातार जाएं। सीएम ने पूछा किसी मंत्री को कोई दिक्कत हो तो वो बता सकता है। कुछ मंत्रियों ने प्रभार के जिलों के बारे में बात की। सीएम ने कहा कि मुझे बता दें।

इससे पहले अचानक तय हुई बैठक की सूचना मिलने पर पंचायत मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया को ग्वालियर से आना पड़ा। अरविंद भदौरिया, गोपाल भार्गव भी आनन-फानन में वापस भोपाल पहुंचे। हालांकि मीना सिंह, बिसाहूलाल सिंह, यशोधरा राजे सिंधिया, बृजेंद्र प्रताप सिंह, ओपीएस भदौरिया, हरदीप सिंह डंग, रामकिशोर कांवरे, बृजेंद्र सिंह यादव और सुरेश धाकड़ तो बैठक में पहुंच ही नहीं पाए।

भास्कर 25/9/21

## राशन दुकानों पर बोर्ड डिस्प्ले करें, राशन दें

भास्कर 25-9-21

रतलाम | राज्य खाद्य आयोग के सदस्य किशोर खंडेलवाल शुक्रवार को शहर में रहे। कलेक्टोरेट में उन्होंने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, जिला पंचायत, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग व अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक ली। शासकीय उचित मूल्य की सभी दुकानों पर पारदर्शिता के लिए बोर्ड डिस्प्ले किए जाएं। विभागीय अधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय करते हुए विभागीय योजना और कार्यक्रमों की जानकारी उन्हें दें। 3 से 6 महीने से ज्यादा समय से जो लोग राशन नहीं ले रहे हैं, ऐसे कार्यालय बुलाकर चर्चा करें। खाद्यान्न प्राप्त नहीं होने संबंधी शिकायतों का तत्काल निराकरण करें। चेकलिस्ट में पीओएस मशीन, स्टाक पंजीकरण का सत्यापन करें।

भास्कर 25/9/21

## सुभाष शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पहुंचे आयुक्त

पत्रिका

रतलाम. महू रोड स्थित सुभाष शॉपिंग काम्पलेक्स को नया स्वरुप देने के लिए यहां किए जा रहे सुधार कार्यों का निरीक्षण शुक्रवार दोपहर को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी के साथ किया। निगम आयुक्त झारिया ने निरीक्षण के दौरान सुधार कार्य में और अधिक गति लाये जाने के साथ कहा कि काम्पलेक्स की सभी दुकानों का विक्रय हो इसलिए दुकानों व निविदा के संबंध में जानकारी लेने आने वाले नागरिकों को संपूर्ण जानकारी से अवगत कराया जाये। 25-9-21

पत्रिका 25/9/21

# एक सप्ताह के भीतर मिल गया अतिवर्षा से प्रभावित लोगों को सरकारी मुआवजा, 26 लाख रु.से ज्यादा पहुंचे बैंक खातों में

25-9-21



**प्रसारण न्यूज़** • रतलाम

विगत 19 सितम्बर को शहर में हुई भारी वर्षा से प्रभावित हुए लोगों को एक सप्ताह से भी कम समय में राहत राशि का भुगतान कर दिया गया है। मुआवजे के रुप में प्रशासन ने 468 लोगों को 26 लाख 91 हजार रू. से अधिक की राहत राशि प्रभावित लोगों के बैंक खातों में पंहुचा दी है। इनमें से एक महिला को 85 हजार रू. का भुगतान किया गया है। उक्त महिला का घर इस बारिश के चलते ढह गया था।

उल्लेखनीय है कि पिछली 19 सितम्बर रविवार को शहर में जबर्दस्त बारिश हुई थी और शहर की अनेक निचली बस्तियों में पानी भर गया था। कई लोगों के घर इस बारिश से क्षतिग्रस्त हो गए थे और कई लोगों के घरों में रखा कीमती सामान बारिश से बर्बा हो गया था। बारिश थमने के फौरन बाद कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने वर्षा से प्रभावित लोगों को सर्वे करने और उन्हें जल्दी से जल्दी राहत राशि देने के आदेश दिए थे। प्रशासन ने उसी दिन सर्वे के लिए पांच टीमें बनाकर सर्वे कार्य प्रारंभ कर दिया था।

तहसीलदार गोपाल सोनी ने बताया कि सर्वे के दौरान वर्षा से सर्वाधिक प्रभावित हुए भोई मोहल्ला, चिंगीपुरा, हरिजन बस्ती, ऊंकाला रोड़, विरियाखेड़ी, लक्ष्मण पुरा, बाई जी का वास इत्यादि क्षेत्रों में सर्वे का कार्य पूरा हो गया है। सर्वे के दौरान कुल 468 लोगों के अतिवर्षा से प्रभावित होने की जानकारी सामने आई है। इन 468 प्रभावित लोगों को कुल 26 लाख 91 हजार छः सौ रुपए की राहत राशि का भुगतान कर दी गई है। राहत राशि, सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में पहुंचा दी गई है।

श्री सोनी ने बताया कि तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी सर्वे का काम जारी है, लेकिन प्रभावितों के बड़े हिस्से का सर्वे हो चुका है और उन्हें भुगतान भी कर दिया गया है। इसके बाद भी वर्षा से पीड़ित कुछ लोग बच गए है। ऐसे व्यक्तियों के आवेदन आने पर प्रकरण की जांच के बाद उन्हें भी राहत राशि प्रदान की जा रही है। श्री सोनी ने बताया कि नर्मदाबाई नामक वर्षा पीड़ित को सर्वाधिक राहत राशि प्रदान की गई है। इन्हें 85 हजार रूपए प्रदान किए गए है। नर्मदाबाई का पूरा मकान ही इस अतिवर्षा में नष्ट हो गया था। श्री सोनी के अनुसार प्रत्येक प्रभावित को न्यूनतम पांच हजार रू. की राहत राशि दी गई है, जिनका नुकसान अधिक हुआ है,उन्हें नुकसान का आंकलन करके अधिक राशि भी दी गई है।

प्रसारण
25/9/21

# स्वच्छता की बुनियाद मध्यप्रदेश में रतलाम नगर को पुरस्कार मिलने पर निगम आयुक्त श्री झारिया का सम्मान

**रतलाम । प्रषासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा कार्यषाला एवं स्वच्छता की बुनियाद अभियान कार्यक्रम में रतलाम नगर निगम को एमआरएफ ( मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी ) में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट ( गीले कचरे से खाद ) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया का निगम अधिकारी एवं कर्मचारी, सफाई कर्मचारी यूनियन तथा नागरिकों द्वारा पुश्पमाला पहनाकर व मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाकर बधाई प्रेशित की।**

प्रषासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा कार्यषाला एवं स्वच्छता की बुनियाद अभियान कार्यक्रम



में निगम आयुक्त श्री झारिया द्वारा पुरस्कार प्राप्त कर 24 सितम्बर को नगर निगम कार्यालय आने पर निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपनी खुषी का इजहार करते हुए निगम आयुक्त श्री झारिया का पुश्प माला व पुश्प गुच्छ से सम्मान कर अपनी खुषी का इजहार किया।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस अवसर पर कहा कि रतलाम नगर निगम को एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त करने का श्रेय सभी अधिकारी कर्मचारी व नागरिकों को जाता है क्योकि सभी के सहयोग से यह संभव हो पाया है इसलिये सभी सम्मान के हकदार है।

इस अवसर पर उज्जैन संभाग अधीक्षण यंत्री श्री प्रदीप निगम, कार्यपालन यंत्री श्री आर.आर. जारोलिया, उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेषचन्द्र व्यास, श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्री ष्याम सोनी, लेखाधिकारी श्री विजय बालोद्रा, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, उपयंत्री श्री मनीश तिवारी सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा सफाई कर्मचारी यूनियनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

दै. तेज एक्सप्रेस
25/9/21

# अमृत सागर तालाब मामले में जिला प्रशासन को हुआ कनूनी नोटिस जारी, कार्तिक अखाड़े ने कहा यह अंतिम मौका अब हाई कोर्ट में दायर होगी याचिका

## अमृत सागर तालाब सौंदर्यकरण मामले में कार्तिक अखाड़े ने एडवोकेट विकास सोनी के द्वारा जिला प्रशासन को पुनः थमाया कानूनी नोटिस, कार्तिक अखाड़े ने कहा यह अंतिम नोटिस तालाब का कार्य जल्द शुरू नही हुआ तो अब हाई कोर्ट में दायर होगी याचिका

**रतलाम ( तेज एक्सप्रेस संवाददाता )।** शहर के अमृत सागर तालाब के सौंदर्य करण के मामले में नगर निगम द्वारा टेंडर निकलने ओर राज्य स्तरीय समिति की घोषणा होने के बाद भी कार्य शुरू नही किए जाने पर अब जनता आक्रोशित हो चुकी है , कार्तिक अखाड़े के संचालक और धर्म ध्वजा यात्रा के संयोजक द्वारा अमृत सागर तालाब के सौंदर्य करण को लिए प्रतिदिन तालाब के तीन चक्कर लगाते है तथा अखाड़े के सदस्य प्रतिदिन प्रभु श्री राम का नाम लिखते है । किंतु उसके बाद भी जिला प्रशासन अमृत सागर तालाब के सौंदर्य करण कार्य में कोई रुचि नही दिखा पा रहा है । श ह र के प्राचीन अमृत सागर तालाब के सौन्दर्य करण के का कार्य शुरू नही होने से अब क्षेत्रीय जनता आक्रोशित हो चुकी है वर्तमान में विश्व कई गंभीर बांमारियों के लपेटे में आ चुका है किंतु तालाब में पड़ी गंदगी से कई बीमारियां उत्पन्न हो रही है , तथा 253 से ज्यादा दिनों से चलाई जा रही धर्म ध्वजा यात्रा पर अभी तक विराम नहीं लगा है । कार्तिक अखाड़े ने बताया की प्राचीन धरोहर अमृत सागर तालाब का सौंदर्यकरण जब तक नही हो जाता तब तक धर्म ध्वजा यात्रा पर विराम नहीं लगाया जाएगा । मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के एलान के बाद भी जिला प्रशासन सीएम श्री चौहान की बात पर अमल होने में रुचि नही दिखा रहा है । कार्तिक अखाड़े ने अब कानूनी कार्यवाही के लिए एडवोकेट विकास सोनी के माध्यम से पुन = दोबारा प्रदेश के राजस्व प्रमुख सचिव , ओर रतलाम कलेक्टर कुमार पुरषोत्तम , एसडीएम अभिषेक गहलोत , तहसीलदार , नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झरिया तक को उच्च न्यायलय कार्यवाही के लिए नोटिस थमा दिया है जानकारी अनुसार प्राचीन धरोहर अमृत सागर तालाब राजा महाराजाओं के काल से बना हुआ है । जिसकी दशा आज बहुत ही खराब हो चुकी है । एडवोकेट विकास सोनी के माध्यम से दिए गए कानूनी नोटिस में बट । गया की ।



जलीय जीव, और मानव स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुवे कार्तिक अखाड़े ने एडवोकेट विकाश सोनी की ओर से प्रदेश से लेकर जिले ओर श ह र के जिम्मेदारो को नींद से जागने के लिए कानूनी कार्यवाही का नोटिस थमा दिया हैं। अमृत सागर तालाब श ह र की प्राचीन धरोहर के रूप में जाना जाता है । तालाब के रोड के पास एक छोटा तालाब भी है जिसकी दशा एक गंदे नाले के रूप में दिखाई दे रही है । तालाब के किनारे बने श्री गणेश जी , शिव जी , हनुमान जी ,शनि देव जी और अन्य हिंदू धर्म के धार्मिक स्थल और समाधि बनी हुई है । जो की रतलाम की जनता की आस्था का केंद्र बन गई है यह सेकडो लोग मंदिरों में दर्शन को आते है । अमृत सागर तालाब का जल मानव स्वास्थ पर बहुत ही हानिकारक साबित होता नजर आ रहा है । विश्व वर्तमान में भयानक महामारी से गुजर रहा है तथा डेंगू जेसी बीमारी के प्रकोप के फैलने से क्षेत्रिय जनता के स्वास्थ पर बुरा प्रभाव हो रहा है । तालाब किनारे मंदिर है जिस पर सावन माह और अन्य दिनों में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते है ।भक्तो का बड़ी संख्या में मंदिरों में आना जाना रहता है , तालाब में स्थित जलीय जीव को भी तालाब के गंदे जल से हानि पहुंच रही है। इसे जल्द से जल्द सही करवाना अति आवश्यक है ।

शासन द्वारा अमृत सागर तालाब के सौंदर्य करण के लिए 22 करोड़ से ज्यादा की राशि जारी हुई है ओर करोड़ो रूपए की राशि रतलाम निगम को मिल चुकी है । शासन द्वारा राज्य स्तरीय समिति की घोषणा होने तथा टेंडर के लिए सूचना पत्र जारी होने के बाद भी अभी तक करू शुरू नही हो सका। जानकारी अनुसार बताया गया की अगर जल्द कार्य शुरू नही हुआ तो अब हाई कोर्ट मे जनहित याचिका दायर होगी । अब देखते है की क्या जिला प्रशासन कार्तिक अखाड़े की ओर से दिए गए नोटिस पर कार्यवाही करेगा या अदालती कार्यवाही की प्रतीक्षा करेगा ।

तेज एक्सप्रेस 25-7-21

25/9/21



# स्वच्छता की बुनियाद मध्यप्रदेश में रतलाम निगम हुआ पुरस्कृत

25-7-21

स्वदेश

रतलाम ● स्वदेश समाचार

प्रशासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा कार्यशाला एवं स्वच्छता की बुनियाद अभियान कार्यक्रम में रतलाम नगर निगम को एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

आयोजित कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री भूपेंद्र सिंह व नगरीय विकास ने रतलाम नगर निगम को प्रदेश में एमआरएफ (मटीरियल रिकवरी फैसिलिटी) क्षेत्र में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को शील्ड व प्रमाण-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी आदि भी उपस्थित थे। स्वदेश




# स्वच्छता की बुनियाद में रतलाम हुआ पुरस्कृत

25-9-21

**प्रसारण न्यूज़ • रतलाम**

**• निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पुरस्कार प्राप्त किया**

**• रतलाम नगर को एमआरएफ में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट में मिला तीसरा स्थान**

प्रशासनिक अकादमी भोपाल में आयोजित स्वच्छता प्रेरणा कार्यशाला एवं स्वच्छता की बुनियाद अभियान कार्यक्रम में रतलाम नगर निगम को एमआरएफ (मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

आयोजित कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री भूपेंद्र सिंह व नगरीय विकास ने रतलाम नगर निगम को प्रदेश में एमआरएफ (मटीरियल रिकवरी फैसिलिटी) क्षेत्र में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को शील्ड व प्रमाण-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया।

स्वच्छता की बुनियाद मध्यप्रदेश में रतलाम नगर निगम को एमआरएफ (मटीरियल रिकवरी फैसिलिटी) क्षेत्र में द्वितीय व कम्पोस्ट प्लांट (गीले कचरे से खाद) के क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर नगर के नागरिकों व नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी आदि भी उपस्थित थे।

प्र(नरवा)
25/9/21

# प्रशासन का मजाक, निजी कॉलोनी में ही दे दिए पट्‌टे, प्लॉट मालिक परेशान

## टैगोर कॉलोनी के रहवासियों ने प्लॉट पर हो रहे कब्जे हटाने की मांग की

भास्कर संवाददाता | रतलाम

टैगोर कॉलोनी के प्लॉटधारियों ने उनके प्लॉट पर पट्‌टे काटने की शिकायत जिला प्रशासन को की है। इसके साथ ही उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत कर उनके प्लॉटों पर पट्‌टेधारियों का कब्जा हटाने की मांग की है ताकि उनके घर का सपना साकार हो सके।

रहवासियों ने जिला प्रशासन को की शिकायत में बताया कि उन्होंने अलकापुरी के पास टैगोर कॉलोनी में प्लॉट खरीदे थे। लेकिन प्रशासन ने उनके प्लॉट पर ही पट्‌टे जारी कर दिए। लोगों ने इस पर मकान भी बना लिए। हम जब लोगों के पास जाते हैं और बोलते हैं यह हमारा प्लॉट है आप यहां से हटो तो जवाब मिलता है कि हमें तो सरकार ने ही पट्‌टे दिए हैं और पट्‌टे दिखाने लग जाते हैं। जब प्रशासन ने ही हमें यहां बसाया है तो हम यहां से क्यों जाएं। इससे प्लॉटधारियों को अपना कब्जा नहीं मिल पा रहा है।



टैगोर कॉलोनी जहां प्रशासन ने पट्‌टे जारी कर दिए हैं।

**कलेक्टर, नगर निगम के साथ ही सीएम हेल्पलाइन में की शिकायत** - एडवोकेट कमल पाटनी ने बताया सरकारी जमीन पर पट्‌टे जारी किए जाते है लेकिन यहां तो नियमों को ताक में रखकर निजी जमीन पर ही पट्‌टे जारी कर दिए हैं। यहां लोगों ने मकान बना भी लिए हैं। जब प्लॉट मालिक इनके पास जाते हैं तो ये पट्‌टे बताते हैं। निजी जमीन पर पट्‌टे क्यों दिए गए। इसकी शिकायत कलेक्टर के साथ ही नगर निगम आयुक्त को की है।

**ऐसे तो शहर हो गया झुग्गी मुक्त** - शहर को झुग्गी मुक्त बनाने पीएम आवास योजना में मुखर्जीनगर और डोसीगांव में फ्लैट बनाए हैं। लेकिन यहां तो बरबड़ मुख्य मार्ग पर ही झोपड़ियां बनी हुई हैं जबकि इन्हें फ्लैट में शिफ्ट किया जाना चाहिए। प्लॉट धारकों ने शिकायत की थी तो जवाब मिला था कि यहां रहने वाले सभी लोगों को मुखर्जी नगर एवं डोसीगांव में पीएम आवास योजना में भवन आवंटित कर देंगे लेकिन इन्हें शिफ्ट नहीं किया गया है।

25-9-21

दै. भास्कर
25/9/21